भारतीय खेल प्राधिकरण
SPORTS AUTHORITY OF INDIA
(राजभाषा प्रभाग)

फा0सं0 भाखेप्रा/रा0भा0/3025/2020–21/644-658 25 अगस्त, 2021
31

परिपत्र

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुसरण में संघ की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन और राजभाषा हिन्दी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने की दृष्टि से भारतीय खेल प्राधिकरण में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 01 से 15 सितम्बर, 2021 तक 'हिन्दी पखवाड़ा' मनाया जा रहा है।

सभी क्षेत्रीय केन्द्रों के प्रमुखों को सूचित किया जाता है कि अपने तथा अपने अधीनस्थ सभी कार्यालयों में 1 से 15 सितम्बर, 2021 तक हिन्दी पखवाड़े का आयोजन करें और गत् वर्षों के भांति इस वर्ष भी हिन्दी की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करें तथा विजेताओं को नकद पुरस्कार के रूप में क्रमशः ₹ 3000/–, ₹ 2500/– एवं ₹ 2000/– प्रदान करें। हिन्दी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रत्येक प्रतियोगिता में ₹ 1000/– रूपये के 02–02 प्रोत्साहन पुरस्कार भी दिए जाएं।

हिन्दी दिवस के अवसर पर आपके द्वारा किए गए क्रियाकलापों की विस्तृत रिपोर्ट इस कार्यालय को प्रस्तुत करें और अपने अधीनस्थ अधिकारियों/कार्मिकों को सरकारी काम–काज राजभाषा हिन्दी में करने के लिए प्रोत्साहित करें। राजभाषा प्रभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त पत्र की प्रति सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु संलग्न की जा रही है।

*प्रतियोगिताएं आयोजित करते समय कोरोना सम्बन्धी जारी दिशा–निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करें।

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

31/8/21

(डॉ0 वी के शर्मा)
उपनिदेशक /प्रभारी राजभाषा

संलग्न : यथा उपरोक्त

प्रति :–

भाखेप्रा के समस्त क्षेत्रीय/उप–केन्द्रों/शैक्षणिक संस्थानों के प्रमुख

प्रतिलिपि सूचनार्थ :–

महानिदेशक, भाखेप्रा के सहायक निदेशक
उप–निदेशक (राजभाषा) यु0का0खे0मं0, शास्त्री भवन, नई दिल्ली

SAI
भारतीय खेल प्राधिकरण
SPORTS AUTHORITY OF INDIA
(राजभाषा प्रभाग)

फा0सं0 भाखेप्रा/रा0भा0/3025/2020–21/659 से 698 1 सितम्बर, 2021

परिपत्र

विषय : हिन्दी पखवाड़े के दौरान भारतीय खेल प्राधिकरण के अधिकारियोंध्कर्मचारियों के लिए हिन्दी प्रतियोगिताओं का आयोजन।

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुसरण में संघ की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन और राजभाषा हिन्दी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने की दृष्टि से भारतीय खेल प्राधिकरण में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 01 से 15 सितम्बर, 2021 तक 'हिन्दी पखवाड़ा' मनाया जा रहा है जिसमें भाखेप्रा के कार्मिकों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। हिन्दी पखवाड़े के दौरान निम्नलिखित प्रतियोगिताएं उनके नामों के सम्मुख दर्शाई गई तिथियों में आयोजित की जाएगीं :–

क्र0 सं0	प्रतियोगिता का नाम	तिथि	समय	स्थान
1.	हिन्दी टाईपिंग प्रतियोगिता	01.09.2021	प्रात 11 से 05 बजे तक	राजभाषा प्रभाग
2.	हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता	02.09.2021	प्रात 11 से 01 बजे तक	भाखेप्रा का सम्मेलन कक्ष
3.	हिन्दी कविता पाठ	03.09.2021	प्रात 11 से 01 बजे तक	
4.	हिन्दी श्रुतलेख प्रतियोगिता	06.09.2021	प्रात 11 से 01 बजे तक	
5.	हिन्दी वाद–विवाद प्रतियोगिता	07.09.2021	प्रात 11 से 01 बजे तक	
6.	हिन्दी नोटिंग – ड्राफ्टिंग प्रतियोगिता	08.09.2021	प्रात 11 से 01 बजे तक	

2. हिन्दी निबन्ध एवं वाद–विवाद प्रतियोगिता का विषय होगा :–

हिन्दी निबन्ध का विषय		हिन्दी वाद–विवाद का विषय	
1.	टोक्यो 2020 में भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन	1.	बच्चों पर ऑनलाईन प्रशिक्षण का प्रभाव
2.	दैनिक जीवन में फिटनेस का महत्व	2.	लॉकडाउन का आम जनता पर प्रभाव

3. इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय नकद पुरस्कार के रूप में क्रमशः ₹ 3000/–, ₹ 2500/– एवं ₹ 2000/– प्रदान किए जाएंगे। हिन्दी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रत्येक प्रतियोगिता में ₹ 1000/– रूपये के 02 प्रोत्साहन पुरस्कार भी दिए जाएगें।
4. भाखेप्रा मुख्य कार्यालय/स्टेडियमों में **संविदा आधार पर कार्यरत समस्त स्टाफ** को भी इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति हैं।
5. **उक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे यथाशीघ्र अपने नाम राजभाषा प्रभाग में भिजवा दें।**
6. उपरोक्त दर्शाई प्रतियोगिताओं में हिन्दी टाईपिंग प्रतियोगिता में हिन्दी आशुलिपिकों एवं हिन्दी टाईपिस्टों को भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
7. इन प्रतियोगिताओं के संदर्भ में सक्षम प्राधिकारी द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा।
8. इन प्रतियोगिताओं के दौरान सभी प्रतिभागी कोरोना सम्बन्धी जारी दिशा–निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

9. सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे कृपया प्रतियोगिताओं में अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर पखवाड़े का सफल बनाने में अपना भरपूर सहयोग प्रदान करें।

इस सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया गया है।

(डॉ0 वी.के.शर्मा)
उप निदेशक/प्रभारी (राजभाषा)

प्रति :—

भाखेप्रा मुख्य कार्यालय के समस्त प्रभाग प्रमुख/स्टेडिया प्रशासक	अनुरोध है कि अपने नियंत्रणाधीन अधिकारियों/प्रशिक्षकों/ कर्मचारियों को इस परिपत्र से अवगत कराएं और इसकी पावती की सूचना तथा भाग लेने वाले अधिकारियों/कार्मिकों की सूची राजभाषा प्रभाग को प्रेषित करें।
उप निदेशक, सा0प्रशा0	अनुरोध है कि दर्शाई गई तिथियों पर सम्मेलन कक्ष आरक्षित करने की कृपा करें।

प्रतिलिपि सूचनार्थ :—

1. महानिदेशक, भाखेप्रा के सहायक निदेशक
2. कार्यकारी निदेशक, टीम्स/अध्यक्ष, रा0भा0का0सं0 के वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक
3. सूचना पट्ट
4. उप—निदेशक (राजभाषा) यु0का0खे0मं0, शास्त्री भवन, नई दिल्ली